जीवन में सफलता के लिए लक्ष्य का निर्धारण पहले करें

मैनपुरी | हिन्दुस्तान संवाद

शनिवार को राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने छात्रों से पर्सनलिटी डेवलपमेंट, मोटिवेशन एंड कैरियर प्रोस्पेक्ट्स एंड पाथ विषय पर संवाद किया। डीएम ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ के सचिव आलोक कुमार ने राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज को बेहतर बनाने की प्लानिंग की है। इसी के तहत वह संस्थान के छात्रों से संवाद करने आए हैं। सीएम ने इस इंजीनियरिंग कॉलेज को यूपी का टॉपर कॉलेज बनाने का वायदा किया है। इसके लिए मैनपुरी जिला

कार्यक्रम

- इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों से डीएम ने किया संवाद
- सीएम मैनपुरी के कॉलेज को बनाना चाहते हैं टॉपर
- मैनपुरी प्रशासन कॉलेज के लिए करेगा भरपूर मदद

प्रशासन हर संभव प्रयास करेगा।

डीएम ने छात्रों से बीटेक के बाद उनकी प्लानिंग पर बात की। कहा कि जो भी करें पहले अपना लक्ष्य तैयार करें। इंजीनियर बनने का सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि इंजीनियर समस्या को आसानी से समझ सकता है। सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि उसके लिए कितनी मेहनत की गई। यदि लक्ष्य से भटक रहे हैं तो खुद के साथ धोखा कर रहे हैं। अगर गलती हो रही है तो फिर से गलती न हो, इसकी कोशिश की जाए। सामाजिक नियमों का पालन करने की अपील डीएम ने की और कहा कि यदि किसी काम को करने से ग्लानि हो रही है तो उस काम को बिल्कुल न किया जाए। सफलता के लिए थोड़ा सा समय लग सकता है लेकिन भरपूर मेहनत होगी तो लक्ष्य हासिल हो जाएगा।



शनिवार को राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में डीएम के संवाद में उपस्थित कॉलेज के छात्र। • हिन्दुस्तान

एनसीईआरटी की किताबें जरूर पढ़ें : यूपीएससी की तैयारी के लिए किताबें पढ़ें। एनसीईआरटी 1995 के आसपास की अर्थशास्त्र की किताबें पढ़ें। कक्षा 1 से कक्षा 10 की सभी किताबें रट लें। 11वीं और 12वीं की हिस्ट्री, ज्योग्राफी और राजनीति शास्त्र का भी अध्ययन करें। दो साल एक दिन में पांच-पांच घंटे पढ़ाई कर ली तो यूपीएससी में सफलता मिल जाएगी। इससे पूर्व कॉलेज के निदेशक डा. जेके शर्मा ने उनका स्वागत किया। डा. असीम चंदेल, डा. अवधेश शर्मा, डा. सुधीर दुबे, बलजीत यादव, गौरव वर्मा, निखिल चौधरी, डा. पिंकी नेगी आदि मौजूद रहे।